शतरंज | 20 राज्यों से आए 410 खिलाड़ी दिखा रहे हैं जौहर, 230 इंटरनेशनल रेटेड प्लेयर्स भी शामिल

इंटरनेशनल फिडे रैपिड रेटिंग चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ

नवभारत, जबलपुर। शहर के बड़ेरिया ग्लोबल कॉलेज में दो दिवसीय इंटरनेशनल फिडे रैपिड रेटिंग चेस टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। फाउंडेशन चेस एकेडमी, जबलपुर द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भव्य प्रतियोगिता में देश-विदेश के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के शतरंज प्रेमी अपनी चालों का हुनर दिखाने और खिताब जीतने के उद्देश्य से जुटे हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के कोने-कोने से और लगभग 20 राज्यों से कुल 410 चुनिंदा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों में से 230 खिलाड़ी इंटरनेशनल रेटेड चेस प्लेयर्स हैं, जो इस पूरी प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले, इसकी महत्ता और इसके उच्च स्तरीय मापदंडों को साफ तौर पर दर्शाते हैं।

गरिमामयी उपस्थिति में हुआ टूर्नामेंट का उद्घाटन

शतरंज के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का विधिवत और गरिमामयी शुभारंभ बड़ेरिया ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया, डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव, रजिस्ट्रार डॉ. पूर्णानंद दुबे और स्पोर्ट्स ऑफिसर भगवान सिंह एवं ममता पांडे की विशेष व सम्मानजनक उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस बड़े और महत्वपूर्ण कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाने में टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक उत्कर्ष अग्रवाल सहित उनकी पूरी आयोजन टीम की बेहद सक्रिय, सराहनीय और महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। उद्घाटन समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने देश के अलग-अलग राज्यों से आए बौद्धिक विधा के इन खिलाड़ियों का आत्मीय स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में इस भव्य खेल आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे जबलपुर शहर के खेल इतिहास के लिए एक बहुत बड़ा मील का पत्थर और ऐतिहासिक अवसर बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों को खेल भावना का सम्मान करने और बोर्ड पर अपना उत्कृष्ट व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने की शुभकामनाएं दीं।

पहले दिन खेले गए 5 राउंड

टूर्नामेंट के पहले ही दिन से 64 खानों की बिसात पर खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त दिमागी जंग और कांटे की टक्कर देखने को मिली, जहां देर शाम तक कुल 5 राउंड के बेहद रोमांचक मैच सफलतापूर्वक संपन्न करा लिए गए। इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ियों की मौजूदगी की वजह से पहले दिन के मुकाबले काफी कड़े रहे। आयोजकों द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रतियोगिता के अंतिम, बेहद रोमांचक और निर्णायक बचे हुए 4 राउंड आज खेले जाएंगे, जिसके बाद इस इंटरनेशनल टूर्नामेंट के अंतिम विजेताओं का फैसला होगा और उनके नाम घोषित कर पुरस्कारों का भव्य वितरण किया जाएगा।

ठेकेदार सहित तीन होटलों से 5 सिलेंडर जब्त

घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

शहपुरा नवभारत 27 जून। शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा के निर्देश पर आपूर्ति विभाग की एक साथ छापेमार कार्रवाई, ठेकेदार सहित होटल संचालकों पर प्रकरण दर्ज,शहपुरा नगर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दुरुपयोग के खिलाफ शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की।

एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा के निर्देश पर सहायक आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी ने नगर के विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान पोल सुधार कार्य में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की गई, वहीं तीन होटल एवं नाश्ता केंद्रों से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

विद्युत पोल कटिंग का कार्य घरेलू एलपीजी से हो रहा था

निरीक्षण के दौरान मानस भवन चौपाटी परिसर में विद्युत पोल कटिंग का कार्य घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की सहायता से किया जा रहा था। जांच में घरेलू उपयोग के लिए जारी सिलेंडर का व्यावसायिक कार्य में इस्तेमाल पाया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी ने तत्काल सिलेंडर जब्त कर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक प्रकरण दर्ज किया।

नियमों का किया जा रहा था उल्लंघन

इसी अभियान के तहत नगर के आकाश समोसा सेंटर से एक, अन्नू चाइनीज सेंटर से एक तथा लक्ष्य नाश्ता सेंटर से दो घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग में पाए गए। सभी चारों सिलेंडरों को जब्त कर संबंधित होटल संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर का निर्माण कार्य, होटल, वेल्डिंग अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है।

आगामी शिक्षण सत्र की तैयारियों पर की गई चर्चा

संकटमोचन संस्कार केंद्र में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नौरोजाबाद, नवभारत 27 जून। सेवा भारती द्वारा संचालित संकटमोचन संस्कार केंद्र, सस्तरा (नौरोज़ाबाद) में आगामी शिक्षण सत्र की तैयारियों को लेकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीए विष्णु पाटीदार, सह कोषाध्यक्ष, सेवा भारती जिला उमरिया ने बच्चों एवं उनके माता-पिता से आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों के लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पुस्तकें, पेन, पेंसिल, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने आश्वस्त किया कि बच्चों की आवश्यक शिक्षण सामग्री की व्यवस्था सेवा भारती नौरोज़ाबादके सहयोग से कराई जाएगी, ताकि किसी भी बच्चे की पढ़ाई आर्थिक अभाव के कारण बाधित नहीं हो।

चयन प्रक्रिया की बिंदुवार जानकारी दी

इस अवसर पर सीए विष्णु पाटीदार ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा, अध्ययन पद्धति एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिश्रम के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए किया प्रेरित

इस अवसर पर मैडम ज्योति, आंगनबाड़ी सहायिका चैना बाई एवं उनके परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। सेवा कार्यों एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति उनके सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। बैठक का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करना तथा आगामी शिक्षण सत्र की समुचित तैयारी सुनिश्चित करना रहा।

1-2 रुपये के सिक्के लेने से कतरा रहे दुकानदार

ग्राहकों की बढ़ी परेशानी, नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वैध सिक्कों का चलन नहीं

शहपुरा नवभारत 27 जून। शहपुरा मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 और 2 रुपये के सिक्कों को लेकर अजीब स्थिति निर्मित हो गई है। कई दुकानदार ग्राहकों से एक और दो रुपये के सिक्के लेने से साफ इनकार कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को रोजमर्रा की खरीदारी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और ग्राहकों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए 1 और 2 रुपये के सिक्के पूरी तरह वैध हैं, इसके बावजूद अनेक दुकानदार इन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

ग्राहकों को अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ रही है

किसी ग्राहक को 2 या 3 रुपये की छोटी सामग्री खरीदनी हो तो उसे मजबूरी में 5 या 10 रुपये की वस्तु खरीदनी पड़ती है या फिर अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की कई दुकानों में यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

गरीब मजदूरों को हो रही अधिक परेशानी

इससे गरीब, मजदूर और ग्रामीण वर्ग के लोगों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर दुकानों की जांच की जाए तथा जो दुकानदार वैध भारतीय मुद्रा के रूप में प्रचलित 1 और 2 रुपये के सिक्के लेने से मना कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

संबंधित अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आम लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। लोगों ने जिला प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा संबंधित अधिकारियों से हस्तक्षेप कर तत्काल कार्रवाई करने और वैध सिक्कों के प्रचलन को सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आम उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

आज से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी

नवभारत उमरिया 27 जून। जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन अपंगता का कारण बनने वाली बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून 2026 को मुख्य अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा।

इसके बाद 29 एवं 30 जून को मॉप-अप राउंड के माध्यम से ऐसे बच्चों को चिन्हित कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो मुख्य दिवस पर छूट गए हों। कलेक्टर राखी सहाय ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर पोलियो रोधी दवा की दो बूंद अवश्य पिलवाएं तथा पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सहयोग दें।

840 पोलियो बूथ स्थापित किए गए-उन्होंने कहा कि 'दो बूंद हर बार-पोलियो पर जीत रहे बरकरार' का संदेश जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता ने बताया कि मुख्य अभियान दिवस पर जिलेभर में 840 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी एवं स्वयंसेवक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगे। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख आवागमन स्थलों पर 48 ट्रांजिट बूथ भी बनाए गए हैं, ताकि यात्रा कर रहे कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

अवैध शराब परिवहन मामले में घिरे मंडला युवा कांग्रेस अध्यक्ष

नवभारत,मंडला। मंडला जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संजू अहिरवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अवैध शराब परिवहन के एक गंभीर मामले में संजू अहिरवार को सह-आरोपी बनाए जाने के बाद उन्होंने गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने निरस्त कर दिया है। यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों, विशेषकर कांग्रेस संगठन में हड़कंप मच गया है।

यह पूरा मामला बालाघाट जिले के चांगोटोला थाना क्षेत्र का है, जहां विगत 25 मार्च 2026 को पुलिस ने पादरीगंज लामता रेलवे फाटक के पास एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक बालाघाट के दिशा-निर्देश पर गठित विशेष टीम की जांच और मामले के मुख्य गवाहों के बयानों के आधार पर पाठा सिहोरा (नैनपुर) निवासी संजू अहिरवार के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। गवाहों ने अपने बयानों में स्पष्ट किया है कि वे संजू अहिरवार के कहने पर ही अवैध शराब ला रहे थे।

रेलवे फाटक के पास हुई थी घेराबंदी

थाना चांगोटोला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मुन्नालाल पटले को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टवेरा और एक वैगनआर कार में अवैध शराब भरकर पादरीगंज से नैनपुर की ओर ले जाई जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष के कार्यक्रम से भी रहे गायब

सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में मंडला दौरे पर आए विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के भव्य कार्यक्रम में भी आरोपी पदाधिकारी संजू अहिरवार दूर-दूर तक नजर नहीं आए। वर्तमान में अध्यक्ष का मोबाइल फोन बंद आ रहा है और पुलिस के साथ-साथ खुद पार्टी के कार्यकर्ता भी उनकी तलाश कर रहे हैं। चांगोटोला पुलिस ने मुख्य आरोपी संदीप चौधरी को जेल भेज दिया है और फरार चल रहे युवा कांग्रेस अध्यक्ष की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है।

बजरंग बली मंदिर की दानपेटी तोडकर नगदी चोरी

नवभारत,मंडला। महाराजपुर उपनगर में धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बजरंग चौक स्थित बजरंग बली मंदिर का है, जहां 24 जून की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर की दानपेटी तोडकर उसमें रखी नगदी एवं दान सामग्री चोरी कर ली।

घटना की सूचना मिलने पर महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। बजरंग चौक नगर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां दिन-रात लोगों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त होती है और चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। इसके बावजूद मंदिर में चोरी की घटना होने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है।

पहले भी हो चुकी है चोरी

स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी मंदिर में तीन से चार बार चोरी हो चुकी है। हर बार शिकायत के बाद भी मामलों का खुलासा नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। 22 जून को भी महाराजपुर थाना परिसर के समीप स्थित संतोषी माता मंदिर में चोरी की घटना सामने आई थी।

क्षेत्रवासियों ने की एसपी से मांग

क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक से दोनों घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी और प्रभावी गश्त बढ़ाने की मांग की है।

मातमी पर्व | मुहर्रम सादगी और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया

गंगा-जमुनी तहजीब की देखने मिली अनूठी मिसाल

नौरोजाबाद, नवभारत 27 जून। मातमी पर्व मुहर्रम बड़े ही सादगीपूर्ण, श्रद्धापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी मुहर्रम के अवसर पर उमरिया में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई सहित सभी समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मुहर्रम के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर ताजिया शरीफ तैयार कर इमाम चौक पर रखी गई, जहां फातिहा पढ़ी गई और कर्बला के महान बलिदान का जिक्र किया गया। इसके बाद ताजियों का जुलूस पूरे नगर में निकाला गया। जुलूस मार्ग पर श्रद्धालुओं एवं हकीकतमंदों द्वारा लंगर और प्रसाद का वितरण कर लोगों की सेवा की गई।

खानका ए आलिया नियाजिया में दुआएं आशूरा पढ़ाई गई

चांद की 9 तारीख को कत्ल की रात के रूप में याद किया जाता है। मान्यता है की आशुरा के दिन कर्बला में इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना तथा इस्लाम के चार पवित्र महीनों में से एक है, जो सब्र, त्याग और न्याय के लिए संघर्ष का संदेश देता है। खानका ए आलिया नियाजिया में दुआएं आशूरा पढ़ाई गई, जिसमें सभी अकीदत मंद द्वारा आशूरा की दुआ पढ़ी गई।

जी-राम अभियान से विकास को मिलेगी रफ्तार : सांसद

नवभारत, उमरिया। शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार 1 जुलाई से 'विकसित भारत-जी-राम अभियान प्रारंभ करने जा रही है। यह अभियान ग्रामीण भारत के समग्र विकास, रोजगार सृजन, आजीविका सशक्तिकरण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जल संरक्षण, सड़क, आवास, स्वच्छता, कृषि विकास तथा ग्रामीण आधारभूत संरचना के कार्यों को नई गति मिलेगी। इससे गांव आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार-सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार का लाभ मिलेगा। साथ ही जल संरक्षण, ग्रामीण सड़क, कृषि, आजीविका, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों से की सक्रिय भागीदारी की अपील- सांसद हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायतों और ग्रामीण नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास के मंत्र से ही विकसित गांव, विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण एवं सभी वित्तीय संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री योगेश कुमार चौहान पिता- श्री अमर सिंह, निवासी: एम-1, अर्जुन देव कॉलोनी, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर (म.प्र) द्वारा भागीदारी फर्म मेसर्स जे.एम.वाई एसोसिएट्स (पंजीकरण संख्या 04/14/01/0138/20) पंजीकृत पता: प्लॉट नंबर 670, शक्ति नगर, साईं पैलेस बारात घर के पास, सैनिक सोसायटी रोड, जबलपुर का विघटन (Dissolution) विधि अनुसार किया गया है। इस पार्टनरशिप फर्म में कुल तीन भागीदार थे जो की श्री जितेंद्र चौकसे पिता- श्री सुरेंद्र सिंह चौकसे, श्री मनीष कुमार सिंह पिता श्री कन्हैया सिंह एवं मेरे पक्षकार श्री योगेश कुमार चौहान पिता- श्री अमर सिंह। भागीदारी फर्म का विघटन प्रभावशील दिनांक 27/06/2026 के अनुसार किया जा चुका है जिसके अनुसार उक्त भागीदारी फर्म का कोई अस्तित्व शेष नहीं है। इस भागीदारी फर्म द्वारा ग्राम मालाखेड़ी, तहसील व जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) (म.प्र) स्थित भूमि खसरा नंबर 546, 554/2 एवं 555/1 कुल क्षेत्रफल 3.293 हेक्टेयर भूमि में से 2.980 हेक्टेयर भूमि पर "कान्हा रेसीडेंसी" नामक प्लाटिंग परियोजना के विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं। इस परियोजना का रेरा पंजीकरण क्र. P-HBD-22-3607 है। इस संबंध में सूचना सभी सुसंगत विभागों को भी दी जा रही है। इस प्रकार वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त प्रोजेक्ट अथवा फर्म से संबंधित किसी भी औपचारिक कार्य के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार श्री जितेंद्र चौकसे अथवा श्री मनीष कुमार सिंह से ना किया जावे। इस प्रकार सूचित किया जाता है कि मेसर्स जे.एम. वाई एसोसिएट्स का विधि अनुसार विघटन हो चुका है।

जबलपुर
दिनांक- 27/06/2026 (एड. रोहित तृनेजा)
1413, डॉ. बराट कम्पाउंड, नेपियर टाउन, जबलपुर मोबाइल नं- 7389225999